तापमान

अधिकतम 28 डिग्री

न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 11 जुलाई 2024

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]



4 समस्याओं का शीघ्र करें निराकरण









## उमस से आमजन हलाकान, वायरल बीमारी भी बढ़ी

# थमी बारिश, खेतों में पानी की कमी, किसान परेशान


हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला मुख्यालय सहित कोरिया जिले के कई क्षेत्रों में बीते तीन दिनों से बारिश नहीं होने के कारण लोगों को भारी उमस का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान थोड़ी देर के लिए बिजली कटौती हो जाती है तो उमस के कारण लोगों को बेहाल होना पड़ रहा है।

मंगलवार को कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर का अधिकतम तापमान 32 डिग्री व न्यूनतम तापमान 24 डिग्री दर्ज की गई। इस दिन सुबह होने के साथ ही धूप खिल गई थी, लेकिन दोपहर में आसमान में हल्के बादल रहे, इसके कारण लोगों को उमस भरी गर्मी से परेशान होना पड़ा। उल्लेखनीय है कि जून के अंतिम दिनों से मानसून के सक्रिय होने के बाद जुलाई के पहले सप्ताह के कुछ ही दिन अच्छी बारिश हुई, कभी केवल बौछार पड़ी, इसके बाद तीन दिनों से जिला मुख्यालय बैकुंठपुर सहित जिले के कई क्षेत्रों में मानसून सामान्य होने के कारण मानसूनी गतिविधियां कम हो गई है, इसके कारण तीन दिनों से बारिश थम गई है। इस दौरान कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी होकर थम जा रही है। वर्तमान में झमाझम बारिश होने की उम्मीद लगाए किसान खेती की तैयारी कर रहे हैं।



रोपाई कार्य बाधित।



सूखा खेत।

### रोपाई कार्य प्रभावित

कई क्षेत्रों में रोपा कार्य शुरू हो गया, लेकिन इसी बीच कई दिनों से बारिश की गतिविधियां रूक गई है। इसके कारण रोपा कार्य भी जोर नहीं पकड़ पा रहा है। पूर्व में हुई अच्छी बारिश के चलते जिले के कुछ किसानों के द्वारा जो कि पहले ही धान की नर्सरी तैयार कर लिए थे, उनके द्वारा कुछ खेतों में रोपा कार्य पूरा कर लिया गया है, लेकिन इसके बाद बारिश के थम जाने से खेतों में जमा पानी भी सूख गया है। ऐसे में रोपा कार्य प्रभावित हो रहा है। आषाढ़ के महीने में जिस तरह की बारिश की उम्मीद रहती है, उस तरह की बारिश अभी नहीं हो रही है, इसे लेकर किसानों की चिंता बढ़ गई है।



ज्ञापन सौंपने पहुंचे लिपिक।

# 4 प्रतिशत महंगाई भत्ते समेत अन्य मांगें पूरी हों

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छग प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर निराकरण की मांग की है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि बीते 22 जून को कर्मचारी भवन गौरव पथ रायपुर में आयोजित जिला एवं संभागीय तथा प्रांतीय पदाधिकारियों के द्वारा बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार प्रदेश के कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं के निराकरण के लिए ध्यानाकर्षण करा ज्ञापन 10 जुलाई को सौंपा गया। इसमे मांगों पर विचार कर शीघ्र आदेश जारी करने की मांग की गई। कर्मचारी संघ की मांगों में केन्द्र के कर्मचारियों को वर्तमान में 50 प्रतिशत है, जबकि राज्य के कर्मचारियों को 46 प्रतिशत महंगाभई भत्ता प्राप्त हो रहा है, फलस्वरूप केन्द्र द्वारा जारी आदेश दिनांक से महंगाई भत्ता 4 प्रतिशत की वृद्धि की जाए। केन्द्रीय कर्मचारियों एवं अविभाजित मध्यप्रदेश की भांति छग के कर्मचारियों को भी 240 दिन के स्थान 300 दिन का अवकाश नगदीकरण आदेश जारी किया जाए। लिपिक/शिक्षक/स्वास्थ्य एवं संवर्गों के कर्मचारियों की वेतन विसंगति दूर करने के लिए की गई गठित समिति का अनुशंसा प्राप्त कर सभी संवर्गों के वेतन विसंगति सुधार के लिए सार्थक कार्रवाई की जाए। लिपकों के अनुकंपा नियुक्ति में दिए गए शर्तो के पालन के लिए कौशल परीक्षा 6 माह में अनिवार्य रूप से विभागाध्यक्ष एवं औद्योगिक प्रशिक्षण के माध्यम से आयोजित किए जाने संबंधी आदेश जारी किया जाए, ताकि अनुकंपा नियुक्ति लिपिकों को यथाशीघ्र लाभ ⏭ शेष पेज 4 पर

- छग प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

## खबर संक्षेप



### नर्सिंग की छात्रा को मिली मदद

**बैकुण्ठपुर।** जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर ग्राम पंचायत पटना में श्रम विभाग के छग भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत संचालित योजना मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के तहत बीएससी नर्सिंग में अध्ययनरत होने पर छात्रा कुसुम कुमारी पिता इजरज दास एवं छात्रा सुमन पिता उमेश को 4500-4500 रूपए का चेक कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा वितरण किया गया।

### लोगों को नहीं मिल रही है बिजली

**मनेन्द्रगढ़।** बिजली में कटौती और बिल में बेतहाशा वृद्धि को लेकर कांग्रेस एमसीबी जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने साय सरकार पर जमकर निशाना साधा है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री श्रीवास्तव ने कहा कि बिजली कटौती और दरों में वृद्धि से हर कोई परेशान है। लोगों को बिजली मिल नहीं रही, बिल ज्यादा आ रहा है। वहीं राजस्व पखवाड़े में पटवारियों की हड़ताल पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री श्रीवास्तव ने कहा कि सभी विभागों में यही स्थिति बनी हुई है। कौन सा विभाग ऐसा है जहां काम ठीक से चल रहा है। हर विभाग में ऐसी ही स्थिति बनी हुई है और आए दिन हो रही हत्या लूट की घटनाओं से लोग त्रस्त है। जीएसटी विभाग व्यापारियों को प्रताड़ति कर रहा है।

### पीडीएस दुकान में मिली अनियमितता

**मनेन्द्रगढ़।** शासकीय उचित मूल्य दुकान रतनपुर आईडी क्रमांक 532004046 का निरीक्षण जिला खाद्य अधिकारी संजय ठाकुर, खाद्य निरीक्षक खड़गवां दीपक कुमार प्रधान एवं खाद्य निरीक्षक मनेन्द्रगढ़ सदानंद पैकरा द्वारा किया गया। कार्यालय को प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन अनुसार जांच में गंभीर अनियमितता पाई गई। संचालनकर्ता एजेंसी ग्राम पंचायत रतनपुर को आवंटित शासकीय उचित मूल्य दुकान रतनपुर आईडी क्रमांक 532004046 को निरस्त कर नजदीकी शासकीय उचित मूल्य दुकान कोड़ागी आईडी क्रमांक 532004072 रोशनी महिला स्व. सहायता समूह कोड़ागी में संलग्न किया गया है। इसके लिए आदिम जाति सहकारी समिति, बहुउद्देशीय सहकारी समिति, महिला स्वयं सहायता समूह, वन सुरक्षा समिति एवं अन्य समितियों से आवेदन पत्र आमंत्रित कर नियमानुसार आवंटन की कार्रवाई किया जाना है।

### पति ने की पत्नी की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के ग्राम पंचायत चनवारीडांड़ में बैगापारा में पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। मंगलवार की रात रामप्रसाद बैगा और उनकी पत्नी के बीच मोबाइल और 15000 रूपए को लेकर विवाद हो गया, जिसके बाद उसने अपनी पत्नी को डंडे से मारा। पड़ोसियों ने जब जाकर देखा तो महिला की मौत हो चुकी थी। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आरोपी रामप्रसाद को हिरासत में ले लिया।

## भइयालाल ने तिरंगा पट्टा दिलाने की मांग की



जनदर्शन में समस्या सुनते कलेक्टर।

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी.राहुल वेंकट ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याएं सुनी।

जिले के ग्रामीणजन और नागरिकों ने जनदर्शन मेंअपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में 9 जुलाई को कुल 31 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में घनश्याम निवासी साल्ही ने मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना के तहत सड़क निर्माण उचित ढंग से न किए जाने के विरूद्ध शिकायत, राहुल गायकवाड़ निवासी लालपुर ने खेती से वंचित करने के संबंध में, ⏭ शेष पेज 4 पर

- कलेक्टर जनदर्शन में 31 आवेदन हुए प्राप्त

## अवैध कब्जाधारियों पर गिरेगी गाज

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में एसईसीएल के विभागीय आवासों में लंबे समय से बाहरी लोगों का कब्जा बना हुआ है, इससे विभागीय कर्मचारियों को आवास नहीं मिल पाता। प्रबंधन द्वारा कई बार कब्जा हटाने की कार्रवाई की जा चुकी है, इसके बाद भी कब्जा कायम है। जानकारी के अनुसार कुछ माह पूर्व एसईसीएल एरिया ने अवैध कब्जाधारियों पर सख्त कार्रवाई की तैयारी की थी। एरिया संपदा अधिकारी ने अवैध कब्जा हटाने के लिए कब्जाधारियों को नोटिस जारी किया था। तय मियाद में कब्जा खाली नहीं करने वालों पर कानूनी कार्रवाई की बात सामने आई थी। आवश्यकता पड़ने पर परिसर को खाली करवाने के लिए बल का प्रयोग भी किया जाना था। मगर इसके बाद नोटिस और कार्रवाई ठंडे बस्ते में चली गई। यही वजह है कि अभी तक कई आवासों में अनाधिकृत लोगों का कब्जा है। इस संबंध में जब हमने एसईसीएल के मुख्य महाप्रबंधक से चर्चा की तो उन्होंने कहा कि शीघ्र ही एसईसीएल के आवासों में अधिकृत कब्जा करने वाले लोगों को बेदखल किया जाएगा। अब देखना है कि मामले में एसईसीएल प्रबंधन कब तक कार्रवाई करता है।

## हरियाली और पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी

**बैकुण्ठपुर।** पेड़ पौधों का हमारे जीवन में बड़ा महत्व है। पर्यावरण संरक्षण में भी यह अहम भूमिका निभाते हैं। पौधरोपण को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से छग में किसान वृक्ष मित्र योजना की शुरूआत की गई है, इससे किसानों की अतिरिक्त आय होगी।



इस योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों की खाली पड़ी जमीनों पर पौधरोपण कर हरियाली लाना है, ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ ही प्रदूषण के बढ़ते स्तर को कम किया जा सके। छग की विष्णु देव साय सरकार ने किसान वृक्ष मित्र योजना की जिम्मेदारी वन विभाग को सौंपी है। मंगलवार को कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने पौधरोपण के बारे में वन विभाग से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि हरियाली और पर्यावरण संरक्षण के पौधरोपण जरूरी है। कलेक्टर श्री लंगेह ने वन विभाग सहित स्कूल शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग को समन्वित रणनीति के तहत वृहद स्तर पर पौधे रोपण कराने के निर्देश दिए। जिला वन मंडलाधिकारी श्रीमती प्रभाकर खलको ने जानकारी दी है कि जिले में किसानों की खाली पड़ी जमीनों पर पौधरोपण की कवायद शुरू कर दी है। जिले के किसानों को किसान वृक्ष मित्र योजना के तहत 4 लाख नीलगिरी के पौधे वितरण व रोपने की तैयारी की है। किसान वृक्ष मित्र योजना में प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान रखा गया है, ताकि किसानों की अतिरिक्त आय वृद्धि हो सके। पौधे वन विभाग से निःशुल्क दिया जाएगा।

### बड़े भूखंड को ग्रीन जोन में बदलने की तैयारी

वन विभाग व उद्यानिकी विभाग द्वारा काफी संख्या में पौधे वितरण की व्यवस्था की गई है, ताकि बड़े भूखंड को ग्रीन जोन में तब्दील की जा सके। जानकारी के मुताबिक खाड़ा, आनंदपुर के अलावा, शासकीय उद्यानिकी रोपनी केन्द्र चेरवापारा, सोरगा व घुघरा में सागौन, गुलमोहर, आम, महुआ, अमरूद, आंवला, जामुन, काजू, नींबू, कटहल व कई औषधीय पौधे का निःशुल्क वितरण कार्यालयीन दिवस पर किया जा रहा है।

## ईंट का अवैध परिवहन करते ट्रैक्टर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

बुधवार को जिला खनिज अधिकारी भूषण कुमार पटेल ने एक रेती मिनी हाइवे सीजी 16 सीजी 6923 को अवैध परिवहन करते पटना में जब्त की, वहीं छिन्दडांड़ में अवैध परिवहन करते एक ईंट से भरे ट्रैक्टर सीजी 29 एजी 0121 को पकड़ा गया।

जिला खनिज अधिकारी श्री पटेल ने जानकारी दी है कि जब्त वाहनों को पुलिस अभिरक्षा में सौंपते हुए वाहन चालक अशोक बेक व भुवन तथा वाहन मालिकों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई शुरू कर दी गई है। हाईवे को पटना थाना तथा ट्रैक्टर को चर्चा के सुपुर्द की गई है। मिनी हाइवे ट्रक का मालिक जगदीश साहू व ट्रैक्टर मालिक राजकुमार साहू बताया गया है। खनिज अधिकारी श्री पटेल ने जानकारी दी है कि गौण खनिज के तस्करों व अवैध परिवहन के खिलाफ लगातार इसी तरह कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में जिला खनिज अमला के खनिज सिपाही लिकेश देवांगन, मेवाराम कनोजिया एवं भोजेश्वर यादव शामिल रहे। विदित हो कि कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने मंगलवार को समय-सीमा की बैठक में खनिज विभाग को गौण खनिज के परिवहन की जांच में तेजी लाने के निर्देश दिए थे।



जब्त ट्रैक्टर।

## पेड़ पर लटका मिला महिला का शव, जांच में जुटी चरचा पुलिस

**चरचा कॉलरी।** जिले के चरचा थानांतर्गत एक महिला का शव पेड़ में लटका हुआ क्षप्त-विक्षप्त हालत में मिला, जिसकी खबर क्षेत्र में सनसनी की तरह फैल गई। घटना की जानकारी मिलने पर चरचा पुलिस मौके पर दलबल के साथ पहुंची। नगर पालिका शिवपुर चरचा के सफाई कर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद शव को क्षप्त-विक्षप्त हालत में पेड़ से उतारा गया। मिली जानकारी के अनुसार चरचा के गैस गोदाम से कुछ दूरी पर महिला का पेड़ में लटका हुआ शव जंगल पुटू लेने गए एक व्यक्ति द्वारा देखा गया, जिसकी सूचना चरचा पुलिस को दी गई, जिसके बाद महिला का क्षप्त-विक्षप्त हालत में शव बरामद किया गया है। महिला के पास से एक मोबाइल बंद हालत में पुलिस ने बरामद किया है, जिसकी जांच पड़ताल की जा रही है। चरचा थाना प्रभारी प्रमोद पाण्डेय का कहना है कि हर पहलूओं पर जांच पड़ताल की जा रही है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद और भी जानकारी मिल सकेंगी। फिलहाल महिला अज्ञात है।

# सड़कों से मवेशियों को हटाने चलेगी मुहिम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आवारा मवेशियों-पशुओं के कारण होने वाले सड़क दुर्घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए नगरीय निकाय, पशुपालन विभाग, जनपद पंचायतों व पुलिस अधिकारियों से कहा कि सड़कों पर बैठने, विचरण करने वाले ऐसे सभी पशुओं को तत्काल सघन मुहिम चलकर हटाने के निर्देश दिए हैं।

9 जुलाई को कलेक्टरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने उपरोक्त विभागों के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सड़कों पर आवारा व घूमंतू मवेशियों को हटाने के लिए सघन मुहिम चलाएं।

उन्होंने कहा कि सड़कों पर बैठने वाले मवेशियों के पशुपालकों का चिन्हांकन कर आर्थिक दंड वसूली करें और उन्हें सख्त हिदायत दें कि भविष्य में अपने मवेशियों को सड़कों पर न छोड़ें। कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि पशुपालकों व आम लोगों से अपील की है कि पशुओं को सड़कों पर न छोड़े, इससे दुर्घटना की आशंका बनी होती है। सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि मवेशियों के सींग पर रेडियम व गले में कॉलर भी लगाएं ताकि दुर्घटना को रोका जा सके।

- कान फोड़ू डीजे बजने पर होगी कार्रवाई

### कानफोड़ू आवाज पर प्रतिबंध, डीजे पर सख्ती

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने मंगलवार को बैकुंठपुर व सोनहत एसडीएम, पुलिस अधिकारियों को जुलूस, रैली व उत्सव के दौरान कानफोड़ू आवाज पर प्रतिबंध, डीजे पर सख्ती बरतने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री लंगेह ने समय-सीमा की बैठक में शोरगुल के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश देते हुए कहा कि ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण एवं रोकथाम के संबंध में तत्परता से कार्रवाई करें। उन्होंने शोरगुल पर कड़ी निगरानी रखते हुए उल्लंघन किए जाने पर प्रकरण दर्ज करने को कहा है। कलेक्टर ने मोटर व्हीकल एक्ट एवं कोलाहल अधिनियम के अंतर्गत वाहनों के राजसात किए जाने पर जोर दिया। कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि थानेवार डीजे वालों की संपूर्ण जानकारी रखा जाए। साइलेंस जोन का चिन्हांकन कर इन स्थानों पर किसी भी तरह से डीजे या तेज आवाज वाले ध्वनि यंत्र का संचालन की अनुमति नहीं दी जाए, नियमो का उल्लंघन करने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री लंगेह ने जुलूस, रैली, उत्सव, वैवाहिक एवं अन्य सामूहिक कार्यक्रमों के साक्ष्य एकत्रित कर तत्काल अथवा पीस टाइम में मजबूती के साथ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

## बरदिया से आई हुई थी बारात, युवती ने शादी करने से किया इनकार

# नशेड़ी दूल्हे की लौटी बारात, अब दुल्हन की हो रही सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर से कुछ ही किमी की दूरी पर स्थित ग्राम आनी में बीते दिनों पटना क्षेत्र के ग्राम बरदिया से बारात लेकर आए दूल्हे को विवाह किए बगैर ही बैरंग वापस लौटना पड़ा, क्योंकि जब बारात कन्या के द्वार पर पहुंची तो लड़की पक्ष के लोगों ने जमकर आवभगत बारातियों का किया, लेकिन जब दूल्हे का आरती उताने की बारी आई तो दूल्हा शराब के नशे में चूर था और लड़खड़ा रहा था, जिसे देखने के बाद आगे की रस्म अदायगी नहीं की गई।

इसी बीच कन्या ने शराबी लड़के से विवाह करने से साफ इनकार कर दिया, जिसका समर्थन परिजन के अलावा गांव समाज के लोगों ने भी किया।




इस तरह जिले में यह अपनी तरह का पहला मामला है, जब शराबी दूल्हे को देखकर किसी लड़की ने शादी करने से साफ इंकार कर दिया और घरवालों एवं समाज के लोगो ने लड़की के इस फैसले का स्वागत किया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सिटी कोतवाली अंतर्गत ग्राम आनी निवासी रामचरण की पुत्री का विवाह पटना क्षेत्र के ग्राम बदिया निवासी रमेश कुमार के साथ तय हुआ और 8 जुलाई को लड़के पक्ष ने ग्राम आनी में रामचरण के घर बारात लेकर आया, तब लड़की पक्ष वालों ने वर पक्ष के स्वागत में किसी प्रकार की कोई कसर नहीं छोड़ी। स्वागत के बाद जब द्वार पर दूल्हे का आरती उतारने की रस्म अदायगी की बारी आई तो वधु की मां ने देखा कि दूल्हा शराब के नशे में चूर है और वह लड़खड़ा रहा है, इसके बाद वधु की मां ने दूल्हे की आरती नहीं उतारी। इस बात की खबर जब वधु को हुई तो उसने शराबी ⏭ शेष पेज 4 पर

### वर पक्ष ने मांगी माफी पर नहीं बनी बात

इस मामले में जब बात बिड़गते देखकर दूल्हा पक्ष के लोगों ने ऐसी गलती के लिए वधु पक्ष से माफी मांगी और विवाह संपन्न कराने की बात को लेकर मिन्नते करते रहे, लेकिन वधु पक्ष ने लड़की के फैसले को सही ठहराते हुए विवाह करने से साफ इनकार कर दिया। फिर क्या बिना विवाह किए ही दूल्हे को बारात लेकर वापस लौटना पड़ा।

### दूल्हे शराब न पीने की कसम दी फिर भी वधु नहीं मानी

विवाह बंधन में बंधने के लिए धूम धाम के साथ बारात लेकर आए दूल्हे ने स्थिति बिगड़ते देखा तो उसका नशा उतर गया और वह वधु व उनके परिजन से भविष्य में शराब कभी नहीं पीने की कसम भी खाई, लेकिन वधु एवं परिजन ने उसकी बातों पर विश्वास नहीं किया। वधु अपने फैसले पर अडिग रही ,आखिरकार दूल्हे को विवाह किए बगैर ही बारात लेकर वापस लौटना पड़ा।

### वधु का फैसला अन्य के लिए प्रेरणा

सिटी कोतवाली अंतर्गत ग्राम आनी झगड़ालू गांव की सूची में दर्ज है और इस गांव में जगह-जगह शराब बनती है और गांव के कई लोग शराब के आदि है ,ऐसे गांव की लड़की द्वारा घर के दहलीज शराब पीकर आए दूल्हे से विवाह करने से इंकार करना गांव समाज के लिए मिसाल तो है ही साथ ही यह अन्य युवतियों के लिए प्ेररणा भी बन गया।

## खबर संक्षेप

### गृहमंत्री से मिले सोनार उत्थान समाज के पदाधिकारी



**अम्बिकापुर।** सोनार उत्थान समाज के संभाग प्रभारी परशुराम सोनी एवं डॉ.सुनील सोनी ने गृहमंत्री एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से मिलकर सुजीत स्वर्णकार की हत्या की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उन्होंने सरगुजा संभाग में हो रही चोरी की घटनाओं से गृहमंत्री को अवगत करा प्रतापपुर में हुई चोरी के 6 प्रकरणों में आरोपियों को पकड़ने की मांग की। श्री सोनी ने बताया कि गृहमंत्री ने तुरंत फोन से आईजी को अपराधियों को पकड़ने के निर्देश दिए हैं। गृहमंत्री ने सुजीत हत्याकांड की निष्पक्ष जांच कराने एवं चोरी की घटनाओं में अपराधियों को जल्द पकड़ने का आश्वासन दिए है।

### पुरस्कार वितरण समारोह में मेघावी बच्चों को दिया गया प्रमाण-पत्र



**अम्बिकापुर।** गायत्री शक्तिपीठ के सभाकक्ष में रविवार को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में राज्य, जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों व सहयोग करने वाले शिक्षकों को प्रमाण-पत्र एवं पौधा देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रांतीय संयोजक रामपाल तिवारी, केके पाठक, डॉ.अंजन सिंह व मंगल पाण्डेय ने भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं गुणात्मक शिक्षा प्रणाली के सम्बन्ध में उद्बोधन दिया। कार्यक्रम में श्रीमती लक्ष्मी सिंह, सरस्वती तिवारी, शशि सिंह, दिवाकर मिश्रा, अजय गुप्ता, राकेश सिंह, अरविन्द गोयल आदि उपस्थित थे।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ग्राम पंचायत खोरमा एवं करंजवार में किया पौधरोपण



**प्रतापपुर।** ग्राम पंचायत खोरमा,करंजवार सहित बनारस मुख्य मार्ग किनारे आज कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर विभिन्न जगहों पर 140 पौधे लगाए गए, जिसमें फलदार वृक्ष आम, इमली, पीपल, बरगद, सरई, सागौन सहित अन्य पौधे लगाए गए। साथ ही लगाए गए पौधों को बचाने का संकल्प लिया। कांग्रेस पदाधिकारी ने कहा कि पौधे को सिर्फ लगाना ही नहीं बल्कि इसी सुरक्षा कर आने वाली पीढ़ी के लिए बचाकर रखना है। इस दौरान सरपंच जालिम सिंह, करंजवार सरपंच विक्रम सिंह, उप सरपंच रामवृक्ष पैंकरा, सचिव हरि कुशवाहा, सोबरन सिंह, राजाराम, प्रमोद, टिंकू, मंटु, राका, सुरज, हरेन्द्र भारती, गोविंद राम, कृष्णा कुशवाहा, सुरेश राम, ठाकुर प्रसाद, देवकुमार, राकेश सहित अन्य उपस्थित थे।

### धान बीज दुकान में सेंधमारी कर 40 हजार नगदी समेत तीन बोरी धान बीज ले गए चोर

**बिश्रामपुर।** करंजी पुलिस चौकी के ग्राम खोपा में बीती रात अज्ञात चोरों ने शिवमंगल रजवार के धान बीज दुकान में सेंधमारी की घटना को अंजाम दिया,यहाँ काउंटर में रखे दिनभर के धान बीज बिक्री की रकम चालीस हजार नगदी व तीन बोरी धान बीज को भी चोरी कर भाग निकले, उक्त घटना से दुकान संचालक को सत्तर हजार रुपए की क्षति पहुँची है,मंगलवार की प्रातःजब संचालक दुकान खोलने पहुंचा तब उसे वारदात की जानकारी लगी जिसके बाद उसने करंजी पुलिस चौकी पहुंचक़र मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बिजली दरो में बढ़ोत्तरी को लेकर कांग्रेस पदाधिकारियों ने किया धरना- प्रदर्शन

**रामानुजगंज।** बिजली दरों में बढ़ोत्तरी एवं बिजली कटौती को लेकर आज कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने भारत माता चौक के समीप धरना प्रदर्शन किया। साथ ही बलौदाबाजार में कलेक्ट्रेट जलाने एवं सहकारी समितियों में धान का गबन व लॉ एंड ऑर्डर की विफलता सहित अन्य मुद्दों पर वक्ताओं द्वारा भाजपा सरकार को जमकर घेरा और विभिन्न मुद्दों को लेकर राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौपा। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश भर में भारतीय जनता पार्टी सरकार के गलत नीतियों के कारण आम लोगों व किसानों को परेशानी हो रही है। खाद्य बीज समय पर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। खेती किसानी के मौसम में बिजली की आंख मिचौली अघोषित कटौती जगजाहिर है। लगातार हो रही अघोषित कटौती से लोग काफी परेशान है। विद्युत की कटौती का कोई निश्चित समय नहीं है और न ही विद्युत आपूर्ति किसी भी दिन नियमित निरंतर की जा रही है। छत्तीसगढ़ में विद्युत दरों में बेतहाशा बढ़ोतरी से भी सभी वर्गों पर भारी बोझ उठाना पड़ रहा है। बिजली की बड़ी हुई दरो से हर वर्ग प्रभावित हो रहा है। धरना प्रदर्शन के दौरान अशोक जायसवाल, अजय सोनी, प्रेमसागर सिंह, नरेश रवि सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बरसात में अधिकांश दिन बच्चे नहीं पहुंच पाते स्कूल

# बगबुड़वा नाला पर नहीं बना पुल, बरसात में बच्चे उफनता नाला पार कर पहुंचते हैं स्कूल



नाला पार कर स्कूल जाते गांव के बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर में विकास के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। ग्राम पंचायत महुली स्थित आमालोढ़ा नाला पर पुल नहीं बनने के कारण बरसात में बच्चों को खतरे के बीच उफनते नाले को पैदल पार कर स्कूल जाना पड़ता है। भारी वर्षा होने की स्थिति में कई बार बच्चों को घंटों पानी कम होने का इंतजार करना पड़ता है।

**खास बात**
- छुट्टी होने पर घर लौटने के दौरान होती है देर

दूरस्थ ग्राम पंचायत महुली में बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से पिछले तीन दशकों से प्राथमिक शाला का संचालन किया जा रहा है। शाला में ग्राम कुदरीपारा, हरधोवा पारा एवं पहाड़पारा के बच्चे पढ़ने जाते हैं। स्कूल के रास्ते में विशाल पहाड़ी नाला है। गड़वतिया पहाड़ी से निकला बगबुड़वा नाला एवं आमालोढ़ा नाला गांव के किनारे पहुंचकर मिल जाते है। दोनों नाले मिलकर विकराल रूप धारण कर लेते हैं। पूरे बरसात बगबुड़वा नाला लबालब रहता है जिसके कारण ग्रामीणों को पैदल नाला पार कर आना-जाना पड़ता है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को होती है। सामान्य दिनों में तो कम पानी रहने पर बच्चें आसानी से नाला पार कर स्कुल पहुंच जाते हैं लेकिन बरसात के दिनों में बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बच्चे अपने कपड़े उतारकर भारी खतरे के बीच पैदल नाला पार कर स्कूल पहुंचते हैं। कई बार तेज वर्षा होने पर नाले में उफान आ जाता है। ऐसे में बच्चे घंटों पानी उतरने का इंतजार करते हैं। एक-दो घंटे में नाला का पानी कम होने पर विलम्ब से स्कूल पहुंचते हैं वहीं कई बार वापस धर लौट जाते हैं। स्कूल की छुट्टी के दौरान नाले में उफान आने पर बच्चों को घर लौटने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है। कई बार नाले का बहाव तेज होने के कारण बच्चे देर रात घर पहुंचते हैं। बरसात के मौसम में खतरा होने के डर से अक्सर अभिभावक बच्चों को नाला पार कराते हैं। नाले में बाढ़ आने की स्थिति में अभिभावकों के पहुंचने के बाद ही बच्चे नाला पार कर घर पहुंचते हैं। स्कूल से पढ़कर गांव की दो पीढ़िया निकल गई है। पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीण दशकों से आवागमन की सुविधा के लिए क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से नाला पर पुल बनाने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीण वर्षों से समस्या निवारण शिविरों में भी आवेदन दे रहे हैं लेकिन अभी तक पुल निर्माण की स्वीकृति नहीं मिल सकी है।

इस संबंध में सरपंच श्रीमती सुमित्रा खैरवार ने बताया कि महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े को ज्ञापन सौंप स्थिति से अवगत कराया गया है। उन्होंने शीघ्र पुल निर्माण कराने का आश्वासन दिया है।

**गांव की गलियों में कीचड़**

जिला मुख्यालय सूरजपुर से ग्राम पंचायत महुली की दूरी 110 किमी है। गांव के किनारे से ही बिहारपुर-उमझर सड़क गुजरती है। गांव तक पक्की सड़क होने के कारण ग्रामीणों को ब्लाक एवं जिला मुख्यालय तक पहुंचने में असुविधा नहीं होती। लेकिन गांव की गलियों से गुजरने में भारी परेशानी होती है। गांव की गलियों में 15 वर्ष पूर्व सीसी रोड का निर्माण किया गया था जो अब जर्जर होकर गड्ढों में तब्दील हो गया पर गड्ढों में ग्रामीणों ने मिट्टी भर दिया है। बारिश होते ही गांव की गलियां कीचड़ में तब्दील हो जाती हैं जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।





कबाड़ी के यहां से खम्बों को जब्त करते एसईसीएल सुरक्षाकर्मी।

## वर्कशॉप से लोहे के खम्बों को कबाड़ चोरों ने किया पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- एसईसीएल को लाखों की क्षति
- कम्पनी सुरक्षा दल ने चार कबाड़ चोरों को किया पुलिस के हवाले

एसईसीएल बिश्रामपुर के खदान क्षेत्रों में कोयला कबाड़ चोर अभी भी सक्रिय हैं,कबाड़ियों के आतंक से कम्पनी प्रबंधन को हर दिन कई लाख रुपए की भारी क्षति झेलनी पड़ रही है। सोमवार के दिन को भी दिनदहाड़े कबाड़ चोरों ने बिश्रामपुर सब स्टेशन से एक्सवेशन वर्क शॉप स्थित डीजल डिपो को विद्युत सप्लाई करने के लिए बिछाए गए तीन नग लोहे के खंभे को कटर मशीन से काट पार कर दिया, साथ ही वहां पड़े लोहे के दर्जनों पाइप अपने साथ ले गए। विद्युत सप्लाई के लिए लगाए गए खंभों को काट पार कर देने से सोमवार को दिन भर प्रबंधन के डीजल सप्लाई का कार्य बाधित रहा।देर शाम को प्रबंधन ने काटे गए पोल के जगह दूसरा पोल लगवाकर विद्युत सप्लाई शुरू कराई जिसके बाद यहां व्यवस्था सामान्य हो पाई है, घटना के बाद एसईसीएल के क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी द्वारा त्रिपुरा बटालियन के जवानों के साथ नगर पंचायत के वार्ड नंबर 15 पौवापारा झुग्गी में रहने वाले चर्चित कबाड़ी के निवास दबिश दिया तथा खदान क्षेत्र से चुराए गए लोहे के भारी पोल सहित खदान क्षेत्रों में भूमिगत खदानों के पानी को सर्फेस में निकालने के लिए बिछाए गए हैवी पाइप को भी मौक़े से जप्त किया है। इस दौरान टीम ने चार कबाड़ चोरों को भी पकड़कर बिश्रामपुर पुलिस को सौंपा है जिनसे पुलिस पूछताछ कर रही है।बताया जाता है कि चोरी की इस घटना से प्रबंधन को लाखों रुपए की क्षति पहुंची है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। खबर है कि हथियारबंद जवानों की छापेमारी के दौरान पौवापारा मोहल्ले का चर्चित कबाड़ी अंधेरे का फायदा उठा भाग निकला।

## स्वच्छ पेयजल आपूर्ति एवं स्वच्छता करें सुनिश्चित : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



कलेक्टर रोहित व्यास ने आज नगरीय निकाय की मासिक समीक्षा बैठक ली। समीक्षा बैठक में राजस्व वसूली, नगरों की स्वच्छता, आवारा पशुओं का नियंत्रण आदि विषयों के साथ राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने कहा कि नगरीय निकाय के लिए राजस्व वसूली प्राथमिकता वाला कार्य है। इन क्षेत्रों के विकास के लिए नगरीय निकाय द्वारा लिया जाने वाला संपत्ति व समेकित कर, जल कर, दुकानों का किराया तथा यूजर चार्ज इत्यादि सभी की वसूली नियमित करने की बात कही। उन्होंने समस्या आने पर नियमानुसार सख्त से सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। सड़कों पर आवारा या घुमन्तु पशुओं का प्रबंधन एवं उनसे होने वाले गंभीर हादसों को रोकने के लिए सभी उपाय करने का कहा। इसके अलावा बरसात के समय नगरीय क्षेत्रों में कई जगह हो रहे जल भराव एवं गंदगी पर नाराजगी जाहिर करते हुए जल्द से जल्द सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए। बरसात के दिनों में जिले के लोगों को स्वच्छ पेयजल मिल सके, इसके लिए जल क्लोरीनीकरण व्यवस्था को पुख्ता करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में गंदा पानी पीने से डायरिया की संभावना ज्यादा रहती है इसलिए सभी अधिकारी नियमित रूप से पानी के सैंपल की जांच कराएं एवं आवश्यकतानुसार सही तरीके से वाटर ट्रीटमेंट हो रहा है या नहीं इसका नियमित निरीक्षण करें।

कलेक्टर ने कहा कि कई स्थानों पर दुकानों के बाहर लोग सड़कों तक अपना सामान फैला देते हैं, जिससे न केवल पार्किंग की समस्या होती है बल्कि दुर्घटना की आशंका भी रहती है। उन्होंने मार्गो में बाधा पहुंचाने वाले लोगों एवं विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण करने वाले लोंगों पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई करने की बात कही।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में 116 गर्भवती माताओं की सोनोग्राफी



**सूरजपुर।** जिले के भैयाथान, ओड़गी, प्रतापपुर. रामानुजनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में गर्भवती महिलाओं के लिए सोनोग्राफी की सुविधा सफलतापूर्वक संचालन की जा रही है। इसी तारतम्य में आज सुरक्षित मातृत्व आश्वासन योजना के अंतर्गत सभी चिन्हांकित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में कुल 116 गर्भवती माताओं का सोनोग्राफी किया गया। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने तथा उच्च जोखिम गर्भवती एवं गर्भस्थ शिशु में जन्मजात विकृति की पहचान करने में कारगर साबित हो रही है ताकि संबंधित मरीजों को समय पर उपचार प्रदान की जा रही है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सोनोग्राफी की सुविधा होने से दूरस्थ अंचल में रहने वाले गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य सुविधा में बड़ी राहत मिली है। इससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आएगी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भैयाथान में 30, ओड़गी में 38, प्रतापपुर में 29 एवं रामानुजनगर में 19 गर्भवती माताओं का सोनोग्राफी किया गया। दूरस्थ अंचलों में सोनोग्राफी की सुविधा प्रारंभ होने से लोगों में हर्ष व्याप्त है। सीएमएचओ डॉ. आरएस सिंह ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में गर्भवती महिलाओं के लिए सोनोग्राफी की सुविधा का प्रत्येक माह के 9 एवं 24 तारीख को संबंधित स्वास्थ्य केन्द्र में होती है जहां गर्भवती माताएं इस सुविधा का लाभ ले सकते है।

## जनजाति सुरक्षा मंच की बैठक में डिलिस्टिंग रैली पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



जनजाति सुरक्षा मंच की जिला स्तरीय बैठक संयोजक कालू सिंह मुजाल्दा की उपस्थिति में हुई। उन्होंने कहा कि हमारी मांग अनुच्छेद 342 में संशोधन कर जनजाति समाज की रीति-रिवाज, परंपरा, रूढ़ी को छोड़ चुके धर्मांतरित जनजातियों को अनुसूचित जनजाति की सूची से बाहर करने एवं जनजाति समाज को शत-प्रतिशत आरक्षण व सरकारी सुविधाएं प्रदान करने की है। इसके लिए पूरे देश में डिलिस्टिंग आंदोलन किया जा रहा है। जिला एवं प्रदेश की महारैलियां हो चुकी हैं। अब दिल्ली में दस लाख से अधिक जनजातियों द्वारा महारैली कर सरकार से अनुच्छेद 342 में संशोधन करने की मांग की जाएगी।

प्रांत सह संयोजक इन्दर भगत ने कहा कि जनजाति सुरक्षा मंच ने पूरे देश के जनजातियों को इसके लिए एकजुट कर दिया है और सभी समाज मिलकर डिलिस्टिंग की आवाज उठा रहे हैं। अनुसूचित जनजाति वर्ग को आरक्षण उसकी विशिष्ट संस्कृति, परंपराओं के लिए दिया जाता है लेकिन इन विशेषताओं को छोड़ने वाले इसका सबसे ज्यादा लाभ उठा रहे है जिससे इस समाज के साथ बहुत बड़ा संवैधानिक और सामाजिक अन्याय हो रहा है। मूल समाज को ही शत-प्रतिशत आरक्षण और शासकीय सुविधाएं मिलनी चाहिए।

बंशीधर उरांव ने कहा कि हमारे पूर्वजों का योगदान देश को विधर्मियों से बचाने के लिए था और इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए हम यह आंदोलन कर रहे हैं। डिलिस्टिंग के बिना जनजाति समाज का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। संस्कृति बचेगी तभी समाज बचेगा। डॉ.आजाद भगत ने कहा कि धर्मांतरण के चलते जनजाति समाज में पारिवारिक और सामाजिक तनाव और विघटन हो रहा है। सामाजिक और पारिवारिक व्यवस्थाएं गड़बड़ा रही हैं, डिलिस्टिंग कानून के माध्यम से ही इन समस्याओं से निजात पाया जा सकता है। धर्मांतरित जनजातियों द्वारा आरक्षण का बड़ा हिस्सा उपभोग करने के चलते जनजाति समाज अपने मूल अधिकार को प्राप्त नहीं कर पा रहा है। इस अन्याय को दूर कर अनुच्छेद 342 में संशोधन किया जाना चाहिए। बैठक का संचालन रामबिहारी सिंह पैंकरा व आभार प्रदर्शन देवनारायण भगत ने किया। बैठक में नाथूराम भगत, जगनाराम प्रधान, भगत राम, आशाराम भगत, उदयभान, पावन पूर्णाहुति भगत, सचिन भगत, उमेश किस्पोट्टा, बालमुनि प्रधान, शिलो भगत सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## महामाया पहाड़ को बचाने प्रभार मंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

महामाया पहाड़ पुनरूत्थान समिति के सदस्यों ने प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी को ज्ञापन सौंप महामाया पहाड़ की स्थिति से अवगत कराया एवं इसके संरक्षण व संवर्धन के लिए नया प्रोजेक्ट तैयार कराने की मांग की।

समिति पदाधिकारियों ने बताया कि प्रशासन की उदासीनता के कारण महामाया पहाड़ पर कब्जे की होड़ मची है। पहाड़ी के आसपास के गांवों में 50 प्रतिशत से भी कम भूमि अतिक्रमण से बची है। इसे तत्काल संरक्षित नहीं किया गया तो शहर के आसपास का शुद्ध प्राकृतिक वातावरण नष्ट हो जाएगा। महामाया पहाड़ को बचाने के लिए सरकार की पहल अत्यंत आवश्यक है। विगत दिनों महामाया वन पुनरूत्थान समिति की बैठक कैलाश मंगलम में हुई जिसमें उपस्थित नगरवासियों ने इस वर्ष के प्रचंड तापमान पर चिंता व्यक्त किया। महामाया पहाड़ के संरक्षण-संवर्धन का कार्य करने का प्रस्ताव पारित किया। बैठक उपरांत सदस्यों द्वारा ग्राम सोनपुर, रणपुर खुर्द, खैरवार, बधियाचुआ, कांति प्रकाशपुर, मानिक प्रकाशपुर व लालमाटी का दौरा किया। इस दौरान नीलेश सिंह, विनोद हर्ष, राकेश तिवारी, निशांत गुप्ता, मोनू गुप्ता, दूधनाथ गोस्वामी आदि उपस्थित थे।

## धान खरीदी केन्द्र परिसर में समिति प्रबंधक ने की मक्का व उड़द की खेती

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर



ग्राम पंचायत दवनकरा बरपारा स्थित आदिम जाति सेवा.सहकारी समिति मर्यादित धान खरीदी केंद्र परिसर में समिति प्रबंधक ने खाली पड़े परिसर की भूमि में जुताई कराकर मक्का व उड़द की खेती कर दिया। समिति प्रबंधक की मनमानी से किसान आक्रोशित है तथा समिति प्रबंधक को हटाने की मांग की है।

- गोचर भूमि पर खेती करने से ग्रामीणों में आक्रोश

ग्रामीणों का कहना है कि समिति प्रबंधक संतोष नाविक का इस तरह से कई मामला सामने आ चुका है। पूर्व में विवादों के कारण उसे सस्पेंड कर दिया गया था लेकिन फिर से बहाल होने के बाद पूर्व की भांति मनमानी करने लगा है जिससे किसानों व ग्रामीणों में काफी नाराजगी है। ग्रामीणों ने बताया कि धान खरीदी के परिसर की भूमि गांव की गोचर भूमि है जो बरसात के दिनों में खाली रहता है जहां गाय, भैंस, बकरी का चरागाह है। उसे जुताई करवाकर कर दिया खेती किया गया जो गलत है। लोगों का कहना है कि अभी सिर्फ बुवाई किया है इसके बाद वह सरकारी उक्त भूमि को अपने नाम से करवा लेगा फिर किसानों का धान खरीदी कहा होगा यह समझ से परे है। ग्रामीणों ने मौके की जांच करते हुए समिति प्रबंधक संतोष नाविक को तत्काल को सस्पेंड करने की मांग की है।

**कराई जाएगी जांच**

पटवारी को भेज कर जांच कराई जाएगी। जांच प्रतिवेदन मिलने के बाद सख्त कार्रवाई की जाएगी और भूमि को कब्जा मुक्त कराया जाएगा।


-ललिता भगत, एसडीएम

## सरगुजा के तीन विद्यार्थियों का चयन राष्ट्रीय इंस्पायर अवार्ड में

**अम्बिकापुर।** राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड योजना हेतु चयनित सरगुजा के 7 विद्यार्थियों में से तीन का चयन राष्ट्रीय अवार्ड के लिए किया गया है। पूर्व माध्यामिक शाला कोटेया शुभम मोंदी पैकरा, पूर्व माध्यामिक शाला सिंगीटाना की कुमारी नियति एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल असोला की कुमारी रीमा चेरवा अपने उत्कृष्ठ मॉडल का प्रदर्शन राष्ट्रीय स्पर्धा में करेंगी। सरगुजा के 7 विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड योजना हेतु किया गया था। इन विद्यार्थियों में लुण्ड्रा की कु.प्रीति गुप्ता का बोरवेल में फंसे बच्चों को निकालने हेतु मशीन, कोटिया के शुभम मोदी पैंकरा का मॉडल गार्डनिंग ग्लबस विथ क्लॉस, कु.शशिता शा.पूर्व माध्यामिक शाला भंडारडांड बतौली जिनके मॉडल का शीर्षक मिनी आटा चक्की, पेटला की कु.माही बेहरा शीर्षक बुजुर्गों हेतु फोल्डिंग कुर्सी, कु.नियति शा.पूर्व माध्यामिक शाला सिंगीटाना लखनपुर जिनका मॉडल एडजेस्टेबल चूल्हा गैस स्टैण्ड असोला की कु.सीमा चेरवा का मॉडल गन्ने के अपशिष्ट से बैग निर्माण, कुनमेरा खास अरूण कुमार मिंज का मॉडल फोल्डिंग टेबल कम बाक्स का प्रदर्शन राजनांदगांव में आयोजित राज्य स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी किया गया। इंस्पायर अवार्ड योजना में पहली बार सरगुजा के 3 विद्यार्थियों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर किया गया है। चयनित विद्यार्थियों में कोटिया के शुभम मोदी पैंकरा का मॉडल गार्डनिंग ग्लबस विथ क्लॉस, पूर्व माध्यामिक शाला सिंगीटाना की कुमारी नियति के मॉडल एडजेस्टेबल चूल्हा गैस स्टैण्ड एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल असोला की कुमारी रीमा चेरवा के मॉडल गन्ने के अपशिष्ट से बैग निर्माण मॉडल हेतु किया गया है।

## शिवनंदनपुर नगर पंचायत के गठन पर आपत्ति

**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत शिवनंदनपुर के गठन को लेकर पिछले दिनों दावा आपत्ति हेतु जारी किए गए अधिसूचना के सार्वजनिक प्रकाशन पर शंभू शक्ति सेना और आदिवासी समाज ने सूरजपुर कलेक्टर के समक्ष अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए उक्त गठन पर रोक लगाए जाने की मांग की है। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर को नगर पंचायत बनाए जाने की मांग क्षेत्रवासियों द्वारा लंबे अरसे से की जा रही थी। क्षेत्रवासियों की मांग पर पूर्ववर्ती भूपेश सरकार द्वारा विधानसभा चुनाव के आचार संहिता लागू होने से कुछ दिनों पूर्व छग शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय, महानदी भवन नवा रायपुर के संयुक्त सचिव पीएस ध्रुव ने पूर्व में 9 अक्टूबर 2023 को कलेक्टर सूरजपुर को पत्र प्रेषित कर उक्ताशय की जानकारी दी थी। जारी पत्र में छग नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 5 में वर्णित प्रावधानों के तहत ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर को नगर पंचायत गठन किए किए जाने हेतु 4 अक्टूबर को अधिसूचना का प्रारंभिक प्रकाशन किए जाने का उल्लेख किया था।



## ‘कल्कि 2898 एडी’ देख हिल गया दिमाग...

**मुंबई।** ‘कल्कि 2898 एडी’ने बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रखी है। फिल्म लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है। दर्शकों के बीच फिल्म को लेकर गजब का उत्साह बना हुआ है। 27 जून को सिनेमाघरों में फिल्म ने दस्तक दी थी। रिलीज के 12 दिन बाद भी फिल्म का क्रेज उसी तरह से बना हुआ है। बॉलीवुड से लेकर साउथ तक के अभिनेताओं ने कल्कि की तारीफ की है। अब दक्षिण के सुपरस्टार महेश बाबू ने फिल्म की जमकर प्रशंसा की है। उन्होंने एक्स पर लिखा, ‘कल्कि 2898 एडी ने मेरा दिमाग हिला दिया, वाह!’ उन्होंने फिल्म के कास्ट और क्रू की भी तारीफ की।

### लाइफ Style


## रसिका

### प्रोग्रेसिव की बातें होती हैं, अमल नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

‘मिर्जापुर सीजन 3’ में बीना त्रिपाठी के किरदार में नजर आ रहीं रसिका दुग्गल ने कई फिल्मों और वेब सीरीज में काम किया है। उन्होंने अपनी पर्सनल लाइफ और प्रोफेशनल लाइफ से बारे में खुलकर बात की है।

रसिका ने कहा कि आज ओटीटी ही नहीं फिल्मों में भी औरतों की सेक्सुअलिटी पर खुल कर बातें हो रही हैं। एक समय तो ये बहुत बड़ा टैबू माना जाता था। रसिका इस बदलाव को कैसे देखती हैं? सवाल पर वे कहती हैं, ‘ये तो स्वाभाविक ही होना चाहिए। इस विषय पर कोई बड़ी चर्चा भी नहीं होनी चाहिए, मगर चूंकि हम ऐसी सोसायटी में रहते हैं, जहां पर ये स्थापित किया गया है कि औरत अगर अपनी सेक्सुअलिटी पर बात करती है, तो वो बेशर्म है। मैंने देखा है कि जब भी हम बदलाव की बात करते हैं, तो ये एक चक्र की तरह बन जाता है। हम ऊपरी तौर पर इस पर बात करते हैं, मगर अंदरूनी रूप में हमारे अंदर जो रूढ़िवादिता होती है, उसके कारण हम उस पर अमल नहीं कर पाते, तो कई बार मुझे डर लगता है कि जितनी प्रोग्रेसिव बातें हो रही हैं, क्या हम उतने प्रोग्रेसिव हुए हैं? प्रोग्रेसिव होने के नाम पर हमारे जो पारंपरिक विचार या जो सदियों से बैठी हुई पिछड़ी सोच है, उसके बारे में तो हम बात ही नहीं कर रहे हैं, उन्हें अभिव्यक्त नहीं कर रहे, तो कहीं अंदर ही अंदर वे बढ़ते तो नहीं जा रहे?’ मनोरंजन जगत में डेढ़ दशक से भी ज्यादा समय बिता चुकी रसिका दुग्गल ने ‘हामिद’, ‘मंटो’, ‘किस्सा’, ‘क्षय’ जैसी कई ऐसी फिल्मों में अहम रोल किए।



### हॉलीवुड मसाला

## 22 नवंबर को रिलीज होगी ग्लेडिएटर-2



**लॉस एंजिलिस।** रिडले स्कॉट की ‘ग्लेडिएटर 2’ फिल्म 2024 के अंत में मजबूत कलाकारों के साथ बॉक्स ऑफिस पर कदम रखेगी। हाल ही में, ‘विकेड’ की रिलीज की तारीख को फिर से तय करने से यूनिवर्सल की मूवी म्यूजिकल का मुकाबला ‘ग्लेडिएटर 2’ से हो गया है, जो ‘बार्बी’ बनाम ‘ओपेनहाइमर’ की तरह ही है। ‘विकेड ‘को पहले ‘मोआना 2’ के साथ कॉम्पिटिशन करने के लिए तैयार किया गया था। सीक्वल फिल्म 22 नवंबर को सिनेमाघरों में आएगी। पॉल मेस्कल मुख्य किरदार लुसियस की भूमिका में होंगे, जो लुसिला कोनी नीलसन का बेटा है।




## टोबी मॉडल लिली ची को कर रहे हैं डेट...

**लॉस एंजिलिस।** ‘स्पाइडर-मैन’ फेम एक्टर टोबी मागुरिए के अफेयर को लेकर हाल ही में खूब चर्चा रही है। दरअसल एक्टर को लेकर ये खबरें मीडिया में जमकर सुर्खियां बटोर रही थीं कि एक्टर उस मॉडल के साथ अफेयर में हैं जिनकी उम्र एक्टर की बेटी से बस 3 साल अधिक है। हालांकि, अब इन खबरों को लेकर एक्टर टोबे की एक्स वाइफ जेनिफर मेयर ने भी अपना रिएक्शन दिया है। दरअसल, ‘स्पाइडर-मैन’ एक्टर को लेकर इन खबरों को हवा तब मिली जब ये वीकेंड पर 20 साल की मॉडल लिली ची के साथ दिखे। अब ‘द इंडिपेंडेंट’ की एक नई रिपोर्ट में बताया गया है कि जेनिफर ने इंस्टाग्राम के जरिए एक यूजर को जवाब दिया और कहा, ‘ टोबी एक अच्छे शख्स हैं और वो एक अच्छे दोस्त के नाते कार तक उनकी मदद कर रहे थे।’



## यश ने दी थी शादी न करने की सलाह

**मुंबई।** ‘त्रिदेव’ एक्ट्रेस सोनम का कहना है कि यश चोपड़ा ने उन्हें जल्दी शादी करने से मना किया था। यश चोपड़ा ने कहा था कि सोनम शादी करके गलती कर रही हैं पर एक्ट्रेस ने एक नहीं सुनी। सोनम खान ने 17 सालकी उम्र में फिल्में छोड़ दीं और फिर 18 की उम्र में शादी कर ली थी। ‘त्रिदेव’ फिल्म की एक्ट्रेस सोनम खान इस वक्त अपने एक इंटरव्यू के कारण चर्चा में हैं, जिसमें उन्होंने फिल्मी करियर से जुड़े कई खुलासे किए हैं। ‘ओए ओए गर्ल’ के नाम से मशहूर हुईं सोनम खान ने साल 1994 में फिल्मों को अलविदा कह दिया था और शादी कर ली थी। सोनम खान ने खुलासा किया है कि फिल्ममेकर सोनम खान ने उन्हें शादी न करने की सलाह दी थी। साथ ही कहा था कि वह बड़ी गलती कर रही हैं। उन्होंने साल 1988 में यश चोपड़ा की फिल्म ‘विजय’ से एक्टिंग डेब्यू किया था।




## हिट फिल्में देने के बाद भी नहीं मिला काम

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता विवेक ओबेरॉय को आखिरी बार रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी वेब सीरीज ‘इंडियन फोर्स’ में देखा गया था। विवेक अब तक इंडस्ट्री को कई हिट फिल्में दे चुके हैं। उन्होंने ‘मस्ती’ फ्रेंचाइजी, ‘साथिया’, ‘शूटआउट एट लोखंडवाला’ और ‘ओमकारा’ जैसी हिट फिल्मों में काम किया है। हाल ही में विवेक ओबेरॉय ने बताया कि कैसे उन्होंने अभिनेता बनने से पहले व्यावसायिक यात्रा शुरू की और अभी भी उसी आय पर निर्भर हैं। जब मैंने बॉलीवुड में संघर्ष करना शुरू किया, जब एक सफल अभिनेता होने के बाद भी मुझे कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, मैं अपने कौशल को साबित करने के बाद भी चुनौतियों का सामना कर रहा था, जब मुझे कोई फिल्म नहीं मिल रही थी तो एक अलग तरह का दबाव था। तब ये व्यवसाय ही मेरी आय का स्रोत था।

### टीवी मसाला

## ‘अनुपमा’ : लालच में अंधा हुआ वनराज शाह

**नई दिल्ली।** अनुपमा सीरियल के अपकमिंग एपिसोड में आप देखेंगे कि वनराज शाह अपने लोभ के चलते बा और बापूजी के दिल की बात नहीं समझ पाएगा। बापूजी उसे बताएंगे कि क्यों वो घर छोड़कर यहां इस वृद्धाश्रम में चले आए हैं। बापूजी लेकिन बच्चों की खुशी को ध्यान में



रखते हुए यह भी कह देंगे कि हमारी उम्र हो चली है और तुम्हारा पूरा जीवन बाकी है। तो ऐसे में वो घर बेच देना ही सही फैलला होगा। अपनी कुंद सोच और बच्चों की बातों में आकर वनराज शाह उस प्रॉपर्टी को बेचने के फैसले पर अड़ा रहेगा। लेकिन अनुपमा और अनुज कपाड़िया उसके रास्ते का रोड़ा बनकर खड़े हो जाएंगे। घर लौटने पर जब किंजल और काव्या वनराज शाह से पूछेंगे कि वो बा-बापूजी को साथ क्यों नहीं लाया तो वह कोई जवाब नहीं देगा। किंजल कहेगी कि यह घर बा-बापूजी के बिना नहीं चल पाएगा तो वनराज शाह कहेगा कि मैं जाऊंगा उनसे मिलने। उनसे प्रॉपर्टी के कागजों पर साइन लेकर आऊंगा। उसकी बातें सुनकर किंजल सन्न रह जाएगी। वनराज शाह जहां चेहरे पर मायूसी लिए अभी भी प्रॉपर्टी के बारे में सोच रहा है वहीं अनुपमा साफ कहेगी कि कुछ भी हो जाए वो इन कागजों पर साइन नहीं करेगी।

## ‘मैं किसी को हेट नहीं करती और ना मेरी किसी से दुश्मनी है’...


**नई दिल्ली।** अरमान मलिक ने इस वीकेंड का वार में विशाल पांडे को थप्पड़ मार दिया था। यह सब तब हुआ जब पायल मलिक वीकेंड का वार में आईं और उन्होंने सभी को बताया कि विशाल ने लवकेश कटारिया से



कृतिका को लेकर कहा कि वह उन्हें पसंद करते हैं। इसके बाद अरमान, विशाल से लड़ते हैं और फिर वह विशाल पर हाथ उठा देते हैं। अब पायल से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि अभी क्लीयर नहीं हुआ कि उन्होंने हाथ उठाया। मुझे अभी नहीं पता। अगर हाथ उठाया होगा तो जो चीज सही है वो होगा। मुझे पता है उन्होंने हाथ नहीं उठाया होगा। इसके बाद उनसे पूछा गया कि लोग कह रहे हैं कि मेकर्स मलिक परिवार को बहुत सपोर्ट कर रहे हैं तो इस पर पायल ने कहा कि मेकर्स वहां हमें क्यों सपोर्ट करेंगे। वहां जो भी होता है सब कंटेस्टेंट्स की वजह से ही होता है। कृतिका की इमेज लोगों ने इतनी खराब कर दी है चाहे उसने कुछ किया है कि नहीं।

## कभी दिवालिया हो गए थे ‘खिचड़ी’ के हिमांशु

*__मुंबई।__ टेलीविजन निर्माता जेडी मजीठिया उर्फ जमनादास मजीठिया ने कई चर्चित शो का निर्माण किया है। इनमें से एक है खिचड़ी। इस शो में वह खुद भी हिमांशु के रोल में नजर आए। जेडी मजीठिया ने इंडस्ट्री में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। एक दौर ऐसा भी देखा कि वे कर्ज के बोझ तले दब गए। वे पूरी तरह कंगाल हो चुके थे। प्रोड्यूसर ने बताया कि अकाउंटेंट की गलत गणना की वजह से उनका प्रोडक्शन हाउस दिवालिया हुआ था। हाल ही में एक बातचीत के दौरान जेडी मजीठिया ने अपने पेशेवर जीवन के सबसे बुरे दौर के बारे में चर्चा की। उन्होंने बताया कि वर्ष 2013 में ऐसा हुआ था, जब उन्होंने खुद को एक ऐसी मुसीबत से जूझते हुए पाया जीवन का सबसे बड़ा अध्याय बन गई। मालूम हो कि जेडी मजीठिया अपना प्रोडक्शन हाउस हैट्स ऑफ प्रोडक्शंस चलाते हैं। जेडी मजीठिया ने कहा, ‘शो के मामले में मेरी सबसे बड़ी विफलता के कई व्यक्तिगत उदाहरण होंगे। लेकिन 2013 में एक बार कंपनी घाटे में चली गई। हमारे पांच शो चल रहे थे। हमारे अकाउंट्स में एक शख्स था, जिसने हमें गुमराह किया।*



*शायद मैं उस समय इतना परिपक्व नहीं था कि इसे ठीक से समझ पाता। मैं कड़ी मेहनत करता और सभी को समय पर भुगतान करता, लेकिन उस आदमी ने हमारे हिसाब-किताब में कुछ गड़बड़ कर दिया और हम दिवालिया हो गए। हमें कुछ समझ नहीं आया’। उन्होंने आगे कहा, ‘वहां से हमने धीरे-धीरे खुद को फिर से खड़ा किया। यह मेरा सबसे बड़ा अध्याय है। हमारा सारा पैसा खत्म हो गया था, हम घाटे में थे और हम पर लोगों का कर्ज भी था। लेकिन हमने सभी का पैसा चुकाया और आज हम अपने पैरों पर खड़े हैं। हमने जितना आर्थिक नुकसान सहा, उससे कहीं ज्यादा आज कमाया है, लेकिन हमारा नाम कभी खराब नहीं हुआ। हमारी साख बरकरार रही और यह दौर छह महीने से ज्यादा नहीं चला’। मजीठिया ने बताया कि जब संकट आया था, तब उन्होंने 75,000 रुपये के बजट के साथ ‘माई सागर’ नाम से अपना शो लॉन्च किया था। उन्होंने आगे बताया कि पैसे तो खत्म हो गए, लेकिन हमने वहीं से फिर से शुरुआत की।*

## ‘मिक्सचर’ में होगी अहाना-अनुष्का की जोड़ी

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का रंजन अपनी आगामी वेब सीरीज ‘मिक्सचर’ को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। निर्देशक हनीश कालिया लेकर आ रहे हैं धमाकेदार एक्शन और थ्रिलर से भरपूर वेब सीरीज ‘मिक्सचर’। सीरीज ‘मिक्सचर’ में पहली बार अहाना कुमरा और अनुष्का रंजन साथ नजर आएंगी। यह सीरीज क्राइम और सस्पेंस की दुनिया की सच्चाई दिखाएगी। एक्शन-सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर वेब सीरीज ‘मिक्सचर’ इस साल रिलीज हो सकती है। प्रसिद्ध अभिनेत्री अनुष्का रंजन ‘मिक्सचर’ नाम की आगामी वेब सीरीज में नजर आएंगी। यह एक



एक्शन-थ्रिलर पर आधारित वेब सीरीज होगी। निर्देशक हनीश कालिया की इस वेब सीरीज में आपको भरपूर सस्पेंस और क्राइम देखने को मिलेगा। यह सीरीज दर्शकों के लिए एक नया अनुभव होगी। पिनाका एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित और हनीश कालिया द्वारा निर्देशित, यह सीरीज एक तरह से दर्शकों को अपराध और रहस्य की दुनिया की गहराई में ले जाएगी। इस सीरीज में अनुष्का के साथ अभिनेत्री अहाना कुमरा भी नजर आएंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार आगामी वेब सीरीज ‘मिक्सचर’ गोवा की सुंदर पृष्ठभूमि और मुंबई की हलचल भरी सड़कों पर आधारित है।

### दर्द और डर से भरी थी ‘ठाकुर’ की कहानी

## पहली नजर के प्यार के लिए जिंदगी भर तरसे संजीव कुमार

*नई दिल्ली। संजीव कुमार हिंदी सिनेमा के वो नाम है, जो बच्चे-बच्चे की जुबान पर रहता था। आंखों से अदाकारी के लिए पहचाने जाने वाले संजीव कुमार ने बचपन से ही अभिनेता बनने का सपना देखना शुरू कर दिया था। जब उन्होंने अभिनय की दुनिया में कदम रखा तो सभी उनकी अदाकारी के मुरीद हो गए। संजीव कुमार अपने किरदार को इतनी संजीदगी से निभाते थे कि हर कोई बड़ी ही आसानी से उस किरदार जुड़ जाता था। आज ही के दिन संजीव कुमार ने जन्म लिया था। आइए उनकी बर्थ एनिवर्सरी पर जानते उनके जीवन से जुड़े कुछ पहलुओं को।*

### बचपन से अभिनेता बनने चाहते थे

संजीव कुमार का जन्म 9 जुलाई 1938 को सूरत के एक गुजराती परिवार में हुआ था। संजीव कुमार के बचपन का नाम हरीभाई जरीवाला था। बचपन से ही उनका रुझान फिल्मों की ओर था और यही प्यास उन्हें मुंबई खींच लाई। संजीव जब सात साल के थे तब उनका परिवार मुंबई आ गया। मुंबई आने के बाद संजीव के सिर पर अभिनेता बनने का भूत सवार हो गया। उन्होंने थिएटर भी किया। अपने सपने का पीछा करते हुए संजीव ने साल 1960 में फिल्म ‘हम हिंदुस्तानी’से फिल्मी दुनिया में कदम रखा और अपनी शानदार अदाकारी के दम पर फिल्म जगत के ध्रुव तारा बन गए। वो हर किरदार में खुद को इस कदर ढाल लेते थे कि पता ही नहीं चलता था कि वो अभिनय कर रहे हैं।




### इश्क को तरसते रहे

अपनी अदाकारी और सादगी से लाखों करोड़ों लोगों का दिल जीतने वाले संजीव कुमार जिंदगी भर मनचाहे प्यार के लिए तरसते रहे। संजीव कुमार असल जिंदगी में किसी पर अपना दिल हार बेठे थे। वह कोई और नहीं ‘ड्रीम गर्ल’ हेमा मालिनी थी। फिल्म ‘सीता और गीता’ की शूटिंग के दौरान संजीव कुमार पहली ही नजर में हेमा मालिनी पर अपना दिल हार बैठे थे, लेकिन उनका प्यार मुकम्मल ना हो सका। संजीव कुमार हेमा मालिनी का हाथ मांगने उनके घर भी गए थे। कहा जाता है कि हेमा मालिनी की मां ने उनका रिश्ता ये कहकर ठुकरा दिया कि वह उनकी बिरादरी के नहीं हैं। इससे संजीव कुमार इस कदर टूट गए कि जिंदगी भर शादी ना करने की कसम खा ली। यहां तक कि उन पर जान छिड़कने वाली सुलक्षणा के प्यार को भी ठुकरा दिया।

### मौत के डर के साए में जीते रहे

संजीव कुमार के जीवन की सबसे हैरान कर देने वाली बात थी कि वह अपनी मौत को लेकर हमेशा परेशान रहते थे। वह हमेशा कहते थे कि उनकी उम्र ज्यादा नहीं होगी, इसके पीछे वह अपने परिवार में हुई मौतों का हवाला देते थे। आखिरकार हुआ भी कुछ ऐसा ही अपनी जिंदगी के 50 साल पूरे होने से पहले ही उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। 47 साल की उम्र में संजीव की हार्ट अटैक से मौत हो गई।



## खबर संक्षेप

### मजदूरी भुगतान की मांग पर स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**मनेन्द्रगढ़।** मजदूरी भुगतान की मांग को लेकर वार्ड क्रमांक 22 निवासी दीपक पाठक ने कलेक्टर एमसीबी एवं प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन ज्ञापन में दीपक पाठक ने उल्लेख किया है कि गोंडवाना फॉसिल पार्क मनेन्द्रगढ़ में 1 जनवरी 2015 से 30 अप्रैल 2022 तक चौकीदार के रूप में मजदूरी कर रहे थे। इस दौरान उन्हें दिसंबर 2017 तक तत्कालीन वन परिक्षेत्राधिकारी द्वारा मजदूरी का भुगतान किया गया था, शेष जनवरी 2018 से अप्रैल 2022 तक का मजदूरी भुगतान आज तक नहीं दिया गया, आवेदक का 4 वर्ष 4 माह का मजदूरी भुगतान शेष बचा है। इस संबंध में स्वास्थ्य मंत्री एवं कलेक्टर का ध्यानाकर्षण करते हुए आग्रह किया है कि 4 वर्ष की मजदूरी बकाया होने के चलते उसके परिवार में भूखे मरने की नौबत आ गई है।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान में रोपे जाएंगे 1 लाख पौधे

**मनेन्द्रगढ़।** छग में 11 जुलाई को एक पेड़ मां के नाम के तहत सभी सरकारी संस्थानों, स्कूलों एवं कॉलेज परिसरों में पौधे लगना है। इसी के तहत कलेक्टर डी.राहुल वेंकट के नेतृत्व में 11 जुलाई को अभियान के तहत जिले के मनेन्द्रगढ़ वनमंडल क्षेत्र में रिकॉर्ड 1 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है, इसके लिए विभागों से कोऑर्डिनेशन बनाने के निर्देश दिए हैं। सभी विभागों को वन विभाग के स्थानीय स्टाफ से मिलकर स्कूली बच्चों और कर्मचारियों से पौधे लगवाने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान कहा गया है कि पौधा रोपने के बाद उसकी सुरक्षा का खास ख्याल रखना है। साथ ही विभागों के मांग के अनुसार वन विभाग द्वारा पौधों की सप्लाई की जाएगी। जिले में पौधों की सप्लाई के लिए वन विभाग द्वारा रेंजरो की टीम का गठन किया गया है, जो जिले में पौधों की सप्लाई करेंगे।

### राष्टीय मजदूर किसान यूनियन के प्रदेश सचिव ने जांच की मांग की

**बिजुरी।** हसदेव क्षेत्र की हल्दीबाड़ी भूमि गत परियोजना में श्रमिकों के साथ भेदभाव तथा शोषण होने की शिकायते हैं। विदित हो कि कोयलांचल हसदेव क्षेत्र की हल्दीबाड़ी भूमि गत परियोजना में प्रबंधन की मनमानी, श्रमिकों के साथ हो रहे भेदभाव तथा शोषण संबंधित शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत अनुसार सरफेस में कार्यरत कर्मियों को बारी-बारी से रविवार ड्यूटी दी जाती है, लेकिन कुछ कर्मियों के साथ यह नियम लागू नहीं होता, उन्हें प्रत्येक रविवार ड्यूटी दी जाती है, वहीं कुछ लोगों का नाम लिस्ट में होने के बाद भी काट दिया जाता है। विरोध दर्ज कराने के बाद भी उच्चाधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती। वर्तमान प्रबंधक की कार्यप्रणाली से पूरा हल्दीबाड़ी भूमि गत परियोजना में श्रमिकों में रोष व्याप्त है। इस आशय की शिकायत दर्ज कराते हुए राष्टीय मजदूर किसान यूनियन के प्रदेश सह सचिव श्री शुक्ला ने मुख्य महाप्रबंधक हसदेव क्षेत्र, अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक बिलासपुर, निर्देशक कार्मिक बिलासपुर तथा श्रमायुक्त शहडोल को पत्र लिखकर अविलंब जांच एवं कार्रवाई की मांग की है।

### पीएमएफएमई योजना के लिए आवेदन 31 तक

**बैकुण्ठपुर।** महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र से प्राप्त जानकारी अनुसार केन्द्र सरकार द्वारा आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत खाने की वस्तुएं बनाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) संचालित है। योजनांतर्गत वर्ष 2024-25 के लिए जिले में 100 हितग्राहियों को लाभान्वित करने का भौतिक लक्ष्य प्राप्त हुआ हैं। योजनांतर्गत खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में कार्यरत व कार्य करने की इच्छुक व्यक्ति योजना का लाभ ले सकते हैं।

### बीच सड़क पर आराम करते पशु वाहन चालकों को रही परेशानी



**बैकुण्ठपुर।** शहर के सड़कों पर आवारा पशुओं का विचरण प्रतिदिन होता है, इससे यातायात प्रभावित होने के साथ दुर्घटना की संभावना बने रहती है। मंगलवार को प्रातः 9 बजे मुख्य मार्ग पर काफी देर तक कई पशु बीच सड़क पर खडे हो आराम करते नजर आए, जो वाहन चालकों के लिए परेशानी कारण बनते हैं।

### मुहर्रम पर 17 को बंद रहेगी शराब दुकाने

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डी. राहुल वेंकट ने छग आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उप धारा 1 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एवं वर्ष 2024-25 के लिए देशी एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों के लिए आबकारी नीति के अंतर्गत व्यवस्थापन एवं अन्य बिंदु के कंडिका 16 की उप कंडिका 16.1 के अनुसार 17 जुलाई को मुहर्रम के अवसर पर शुष्क दिवस रहेगा।

### सबमर्सिबल पंप की चोरी मामला दर्ज

**हरदीबाजार।** हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अंडीकछार में चोरों के द्वारा सबमर्सिबल पंप को निशाना बनाया है। अंडीकछार के गौठान का दो सबमर्सिबल पंप को चोर चोरी कर ले गए हैं। जिससे पुराना बस्ती के मोहल्लेवासी अपने जीवन निस्तारी के लिए पानी के मोहताज हो गए हैं। चोर के द्वारा अलग अलग क्षेत्र में लगे सबमर्सिबल पंप को निशाना बनाया जा रहा है जिसे लेकर ग्राम पंचायत के सरपंच राधेश्याम खैरवार ने हरदीबाजार थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर, 123 आवेदन मिले, 22 निराकृत

# समस्याओं का शीघ्र करें निराकरण



शिविर में उपस्थित कलेक्टर व अन्य।



शिविर के दौरान उपस्थित लोग ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर/पटना

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन बुधवार को किया गया। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर के पहले दिन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पटना में आयोजित शिविर में 123 आवेदन प्राप्त हुए।

शिविर स्थल पर कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के तहत मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत महिलाओं को गैस चूल्हा, आयुष्मान कार्ड, सिकलसेल कार्ड, दो एचपी का मोटर पंप, व्यक्तिगत वन अधिकार मान्यता पत्र, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के तहत छात्राओं को चेक वितरण, मत्स्यपालन विभाग द्वारा जाल वितरण, दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत हितग्राहियों को चेक वितरण व दिव्यांग जनों को छड़ी वितरण किया किया गया। आवेदन लेकर पहुंचे एक दिव्यांग के आवेदन पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने शिविर स्थल पर निराकरण किया, उन्हें तत्काल ट्राइसिकल देने के निर्देश दिए गए। कार्यस्थल पर निवास, जाति प्रमाण पत्र बनाया गया।

इसके पूर्व विभागीय अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में योजनाओं का लाभ प्राप्त करें, किसी भी प्रकार की समस्या होने पर संबंधित विभाग में संपर्क करने का सुझाव दिए। इस अवसर पर कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि जो भी समस्या, शिकायत व मांग हो, उस संबंध में आवेदन देकर जानकारी दें। उन्होंने कहा कि जो भी समस्या है उसकी जांच की जाएगी व शीघ्र समाधान की जाएगी। जनपद कार्यालय में कंट्रोल कक्ष भी बनाने के निर्देश दिया, ताकि आवेदकों के आवेदन की समुचित जानकारी दी जाएगी। श्री लंगेह ने आम नागरिकों से रू-ब-रू होकर समस्याएं सुनी। कुछ समस्याओं का मौके पर निराकरण किया। कुछ के लिए समय-सीमा निश्चित कर समाधान करने, कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए। विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल का श्री लंगेह ने निरीक्षण किया। श्री लंगेह ने अधिकारियों से कहा कि आवेदकों की पूरी बात सुने और विनम्र व्यवहार करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत के सीईओ डॉ.चतुर्वेदी ने कहा कि जनसमस्या निवारण शिविर का मुख्य उद्देश्य यही है कि शासन-प्रशासन के सभी विभागों को एक जगह उपस्थित होकर आम लोगों की समस्या, जरूरत, मांग को यथा समय समाधान करना है, ताकि जरूरतमंद व पात्र हितग्राहियों व जनहित के मुद्दे का निराकरण करना है। जनपद पंचायत बैकुंठपुर के सीईओ अलेक्जेंडर पन्ना ने बताया कि 10 जुलाई के शिविर में 121 मांग, 2 समस्या के आवेदन प्राप्त हुए, इसमें 22 आवेदनों का शिविर स्थल पर निराकरण किया गया है। राजस्व से संबंधित सबसे अधिक 63, जनपद पंचायत स्तर के 30, खाद्य विभाग के 9, विद्युत विभाग के 7, जल संसाधन से संबंधित 5 व प्रधानमंत्री ग्राम सड़क से संबंधित 1 व महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग से संबंधित 2-2 आवेदन प्राप्त हुए। विभाग वार स्टॉल लगाए जाने से ग्रामीणों को महत्वपूर्ण जानकारी अधिकारियों द्वारा दी गई। वन विभाग द्वारा ग्रामीणों को करीब 500 पौधे वितरण किया गया, वहीं कलेक्टर श्री लंगेह ने नशा के खिलाफ शपथ दिलाया गया और आम लोगों को नशे से दूर रहने की अपील की। शिविर में जनपद अध्यक्ष श्रीमती सौभाग्यवती खुसरो, जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती आशा महेश साहू, जनपद सदस्य रमाशंकर साहू, शिवशंकर सिंह, श्रीमती चांदनी सिंह, सरपंच संघ के अध्यक्ष उदय राम एवं पटना सरपंच गायत्री सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

**खास बात**

- शिविर स्थल पर कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में दी गई जानकारी



बैठक लेते एसपी।

# समस्याओं के समाधान के लिए शहीद सेल की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

राज्य शासन की मंशा एवं वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त निर्देशों के अनुक्रम में 10 जुलाई को पुलिस एसपी सूरज सिंह परिहार ने रक्षित केन्द्र के कॉन्फ्रेंस हॉल में शहीद पुलिस सेल की बैठक आयोजित की। उक्त बैठक में उपस्थित शहीद परिवारजन की समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया और निराकरण के प्रयास भी किए गए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक ने जिले में शहादत को प्राप्त शहीद परिवारों को आमंत्रित किया। इसमें उनसे उनके घर परिवार का कुशल क्षेम लिया गया साथ ही परिवारों को किए गए स्वत्वों के भुगतान की जानकारी एवं शेष स्वत्वों के संबंध में भुगतान की जानकारी ली गई। इस संबंध में कोई शेष ना होना बताया गया, साथ ही कोई भी समस्या ना होना अवगत कराया गया। बैठक में उपस्थित शहीद आरक्षक हुस्नैन अंसारी के पिता शमशीर अंसारी ने अपने गृह ग्राम भाड़ी में निज निवास के सामने अपने पुत्र के नाम से शहीद स्मारक बनाने का अपील किया। उनका कहना है कि इससे आने वाली पीढ़ियां ना केवल गर्व करेंगी ,बल्कि सही दिशा में प्रेरणा भी लेंगी, इस पर एसपी ने उन्हें आश्वासन देते इस के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के लिए पुलिस शहीद सेल को निर्देशित किया है। बैठक में शहीद आरक्षक हुस्नैन अंसारी के पिता शमशीर अंसारी, भाई फिरोज अंसारी एवं शहीद उप निरीक्षक संतोष एक्का की पत्नी सहायक उप निरीक्षक अ रंजीता एक्का उपस्थित रहे।

**खास बात**

- शहीद परिवारजन की समस्याओं पर किया गया विचार विमर्श

* **कोरबा।** रायगढ़ जिले के छाल रेंज से मंगलवार की 4 बजे पहुंचे 24 हाथियों के झुण्ड ने करतला रेंज के तराईमार गांव में जमकर उत्पात मचाया और चार ग्रामीणों के खेत व बाड़ी में लगे आम, केला व गन्ना के पौधों को नुकसान पहुंचाने के साथ ही वहां लगे पंप व पाइप को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। तराईमार में उत्पात मचाने के बाद हाथियों का झुण्ड आगे बढकर कुदमुरा जंगल पहुंच गया है। पीड़ित ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर नुकसानी का आंकलन शुरू कर दिया है।

## अमृतधारा जलप्रपात का सौंदर्य



मनेन्द्रगढ़। बरसात के शुरूआती दौर में एमसीबी जिले का प्रमुख अमृतधारा जल प्रपात का सौंदर्य निखर गया है, जिसके नजारे को देखने के लिए दूर दूर से पर्यटक पहुंचने लगे हैं।

# संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव

**नागपुर।** विकासखंड मनेन्द्रगढ़ अंतर्गत मीडिल स्कूल लाई में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव धूमधाम एवं हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि जमुना प्रसाद पांडे, कार्यक्रम अध्यक्ष प्रिंसिपल गिरीश कुमार कुरचानिया, बुद्धसेन सिंह, लाई सरपंच सोनसाय, उप सरपंच मालती सिंह, जनपद सदस्य श्रीमती आरती सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित रहे। सर्वप्रथम चिरई पानी स्कूल के उच्चश्रेणी शिक्षिका श्रीमती अनामिका एवं सीमा तिवारी ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। स्वागत गीत की पहली बार मनमोहक प्रस्तुति की प्रशंसा सभी लोगों के द्वारा ताली बजाकर की गई। नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर, मिष्ठान खिलाकर उन्हें निःशुल्क स्कूल यूनिफॉर्म व पाठ्य पुस्तक प्रदान किया गया। इस अवसर पर पूर्व जनपद सदस्य संजय राय, संकुल समन्वयक रूप नारायण राय, लव कुमार साहू, प्रधान पाठक दिनेश कुमार राय ,प्राण सिंह, श्रीमती अग्नेशिया टोप्पो, श्रीमती संगीता सिंह, रामचंद्र सिंह, शिक्षक कमल कुमार, दीपक बड़वा, कृष्ण कुमार ठाकुर, प्रतीक चिपड़े, अजय भूषण एक्का, पिंकी इदरीसी, कदमकुंवर, विशाखा मौर्य, धर्मपाल सिंह सहित संकुल केन्द्र नागपुर ए के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण मौजूद रहे।



शाला प्रवेशोत्सव में उपस्थित अतिथि व शिक्षक -शिक्षिकाएं।

# स्वाति इंटरप्राइजेस में आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ऑटो पाट्र्स की एक दुकान में मंगलवार को अचानक आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंची लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद आग को काबू तो कर लिया गया लेकिन तब तक लाखों का माल जल कर स्वाहा हो चुका था। फिलहाल आगजनी से कितने का नुकसान हुआ है इसकी सूचना दुकान संचालक ने पुलिस को नहीं दी है। पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है।

मामला सीएसईबी चौकी क्षेत्र के टीपी नगर का है। यहां स्वामी इंटरप्राइजेज के नाम से ऑटो पाट्र्स का दुकान संचालित किया जाता है। मंगलवार की सुबह लगभग 11 बजे अचानक दुकान में आग की लपटें उठनी शुरू हो गई। जब तक आग को काबू करने का प्रयास किया जाता तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया। इस बीच पूरे टीपी नगर क्षेत्र में अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई थी। आगजनी की सूचना मिलते ही सीएसईबी चौकी प्रभारी भीमसेन यादव तत्काल मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड की टीम को इसकी सूचना दी गई। सीएसईबी की दो दमकल एवं नगर सेना की एक दमकल पहुंची लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद आग को काबू किया जा सका। फिलहाल आगजनी की घटना से दुकान संचालक को कितने का नुकसान हुआ है यह जांच के बाद ही पता चलेगा। सीएसईबी चौकी प्रभारी भीम सिंह यादव ने बताया कि दुकान संचालक ने इसकी अभी अधिकृत सूचना नहीं दी है फिर भी आगजनी से दुकान संचालक को लाखों का नुकसान होना बताया जा रहा है।

**खास बात**

- टीपीनगर क्षेत्र की घटना, शार्ट सर्किट होने की संभावना

# बैल के हमले से ग्रामीण घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

शहर से लगभग 20 किमी दूर बकरी चरा रहे ग्रामीण पर बैल ने हमला कर दिया। इस घटना में ग्रामीण के कमर के नीचे हिस्से में काफी चोटे आई है। ग्रामीण को घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत कोड़ा निवासी मंगल सिंह उम्र 50 वर्ष मंगलवार की सुबह घर से बकरी चराने के लिए निकला था, वह जंगल में बकरी चरा रहा था, तभी अचानक एक बैल ने उसके ऊपर हमला कर दिया। आसपास के लोगों ने जब मंगल सिंह को घायल अवस्था में देखा ,तब उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार जारी है। जानकारी के मुताबिक मंगल को कमर के नीचे के हिस्से में काफी चोटे आई है और उसकी सर्जरी भी करना पड़ सकती है।



घायल ग्रामीण।

**न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया ( छ.ग. )**

ईकोर्ट रा.प्र.क्र. ........../अ-21/2023-24

//ईश्तहार//

सर्व साधारण ग्राम ग्राम धौराटिकरा प.ह.नं. 09 तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.) तथा हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया जाता है कि आवेदिका दुर्गा सिंह पति विजयशंकर सिंह जाति क्षत्रिय निवासी डोमनहिल चिरमिरी जिला कोरिया ने आवेदन पेश किया है कि आवेदिका श्रीमती दुर्गा सिंह पति विजयशंकर सिंह जाति क्षत्रिय निवासी डोमनहिल चिरमिरी पोस्ट सोनावनी तहसील चिरमिरी जिला एम.सी.बी. छ.ग. द्वारा अपने स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम धौराटिकरा तहसील बैकुण्ठपुर स्थित व्यपवर्तित भूमि ख.नं. 314/4 रकबा 0.014 हे. भूमि को क्रेता ज्योत्सना जायसवाल पति नरेन्द्र कुमार जायसवाल निवासी ग्राम महलपारा तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया को अपने पुत्र के ईलाज कराने हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारण भूमि विक्रय करने की अनुमति दिये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः उक्त संबंध हित रखने वाले व्यक्तियों को यदि कोई आपत्ति हो, तो वे दिनांक 24/07/2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के द्वारा इस न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार विमर्श नहीं किया जावेगा।

जारी दिनांक 09/07/2024

तहसीलदार
बैकुण्ठपुर जिला कोरिया ( छ.ग. )

**न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया ( छ.ग. )**

ईकोर्ट रा.प्र.क्र. ........../अ-21/2023-24

//ईश्तहार//

सर्व साधारण ग्राम खरबत प.ह.नं. 05 तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.) तथा हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजकुमार मिश्रा आ. ढुनमुन मिश्रा जाति ब्राम्हण निवासी सुभाषनगर शिवपुर चरचा तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ.ग. द्वारा अपने स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम खरबत तहसील बैकुण्ठपुर स्थित व्यपवर्तित भूमि ख.नं. 1100/5 रकबा 0.0700 हे. भूमि को क्रेता शिवकांत राजवाड़े आ. श्रीप्रान बहादुर राजवाड़े जाति रजवार निवासी ग्राम कछार पोस्ट कटगोड़ी तहसील सोनहत को रूपयों की आवश्यकता होने के कारण भूमि विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध हित रखने वाले व्यक्तियों को यदि कोई आपत्ति हो तो वे दिनांक 24/07/2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के द्वारा इस न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार विमर्श नहीं किया जावेगा।

जारी दिनांक 08/07/2024

तहसीलदार
बैकुण्ठपुर जिला कोरिया ( छ.ग. )

## पृष्ठ 1 का शेष

### 4 प्रतिशत महंगाई ...

प्राप्त हो सकें। अनियमित, दैनिक वेतन तथा कार्यभारित कर्मचारियों के नियमितिकरण संबंधी गठित समिति का प्रतिवेदन यथा शीघ्र सार्वजनिक किया जाए। सभी वर्गों के कर्मचारियों का लंबित पदोन्नति प्रक्रिया के लिए पुनः निर्देश जारी किया जाए। सभी अधिकारी-कर्मचारियों को सेवाकाल में चार स्तरीय वेतनमान जारी किया जाए। कर्मचारी समस्याओं के निराकरण के लिए आयोजित परामर्शदात्री समिति की बैठक निर्धारित समयावधि में किए जाने के लिए निर्देश पुनः जारी किया जाए। संघों को अविभाजित मप्र की भॉति स्थाई मान्यता या एक कार्यकाल 3 वर्ष अवधि के लिए जारी किए जाने की मांग शामिल है।

### भइयालाल ने तिरंगा...

भईयालाल निवासी घुटरा ने तिरंगा पट्टा दिलाए जाने के लिए, रणजीत सिंह निवासी खमरौंध ने सामाजिक सुरक्षा एवं रोजगार दिलाने के लिए,राजेन्द्र कुमार जैन निवासी मनेन्द्रगढ़ ने पिता को प्राप्त पट्टे की भूमि पर बड़े भाई द्वारा जबरन एकाधिकार करने के लिए समेत अन्य ने शिकायत की। कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों को पूरी गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को उचित कार्रवाई करते हुए त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

### नशेड़ी दूल्हे की लौटी ...

लड़के से विवाह करने से साफ इनकार कर दिया। वहीं परिजन व समाज के लोगों ने भी वधु के फैसले का समर्थन किया, इससे विवाद की स्थिति निर्मित हो गई, इसके बाद वधु पक्ष आक्रोशित हो गए। स्थिति को देखते हुए बाराती मौके से भागना शुरू कर दिए। इस तरह विवाह संपन्न हुए बिना ही बारातियों एवं दूल्हे को बैरंग लौटना पड़ा। जिले में ऐसा पहली बार हुआ, जब वधु के द्वारा शराबी लड़के से विवाह नहीं करने के फैसला लिया गया और बिना विवाह के ही बाराती और दूल्हे वापस लौट गए।

### एसईसीएल जीएम कार्यालय का छज्जा भरभराकर गिरा

**कोरबा।** एसईसीएल जीएम कार्यालय भवन का एक हिस्सा भरभराकर नीचे गिर गया। दुर्घटना का का सुखद पहलु यह रहा कि हादसे के वक्त मौके पर कोई नहीं था नहीं तो जनहानि की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता था। इस घटना को लेकर श्रमिक नेताओं ने चिंता जाहिर की है। उनका कहना है कि जीएम कार्यालय का भवन ही अगर सुरक्षित नहीं है, तो कर्मचारियों के मकानों की क्या स्थित होगी, इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। कोरबा में एसईसीएल के विभागीय कॉलोनियां और विभागीय कार्यालय सुरक्षित नहीं है। पांच दिनों तक जिस तरह से बरसात हुई,उसके बाद मकानों और भवनों की गुणवत्ता सामने आने लगी है,जिसका ताजा उदाहरण मंगलवार की दोपहर देखने को मिला,जहां कोरबा जीएम कार्यालय का छज्जा भरभराकर नीचे गिर गया। इस हादसे के बाद मौके पर हड़कंप की स्थिती निर्मित हो गई।

